प्रादेषिक समाचार
आकाषवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांक: 04.09.2024 समय : 18.30 पीएम

0000000

- राज्य सरकार ने पुलिस विभाग की भर्ती में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का निर्णय लिया।
- जोधपुर और उदयपुर संभाग में भारी बारिश के कारण जनजीवन पर असर–बारिश से जोधपुर–जैसलमेर रेलमार्ग क्षतिग्रस्त–कई बांधों से अतिरिक्त पानी की निकासी।
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू कल शिक्षक दिवस पर 82 शिक्षकों को सम्मानित करेंगी–इनमें राजस्थान के भी दो शिक्षक शामिल।
- राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की चौथी रीजनल कॉन्फ्रेंस आज से जोधपुर में शुरू।

000000

राज्य सरकार ने पुलिस विभाग की भर्ती में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री भजन लाल की अध्यक्षता में आज जयपुर में कैबिनेट की बैठक में ये फैसला किया गया। इसके लिए कैबिनेट ने राजस्थान पुलिस अधीनस्थ सेवा नियम 1989 में संशोधन करने को मंजूरी दी है। कैबिनेट की बैठक के बाद उप मुख्यमंत्री प्रेम चंद बैरवा तथा संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने संवाददाताओं को बैठक में किये गये निर्णयों की जानकारी दी। श्री बैरवा ने कहा कि महिलाओं को पुलिस में 33 फीसदी आरक्षण महिला सशक्तिकरण की दिशा में बड़ा कदम है।
श्री बैरवा ने बताया कि सरकारी कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति संबंधी नियमों में संशोधन किया जायेगा।

......

मंत्री जोगाराम पटेल ने बताया कि सरकार संकल्प पत्र के वादों को एक–एक कर पूरा कर रही है। उन्होंने बताया कि कैबिनेट ने आज बिजली उत्पादन के लिए प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए 3 हजार 150 मेगावाट सौर उर्जा उत्पादन की परियोजनाओं के लिए भूमि आवंटन को भी मंजूरी दी है।

.........

**00000**

प्रदेश के जोधपुर और उदयपुर संभाग में भारी बारिश के कारण जनजीवन पर असर पड़ा है। जोधपुर, उदयपुर में बीते दो दिन से हो रही भारी बारिश से हालात बिगड़ने लगे हैं। जोधपुर में भारी बारिश से चामुंडा नदी उफान पर है। जोधपुर–जैसलमेर रेलवे लाइन के नीचे से मिट्टी बहने के कारण ट्रैक को भी नुकसान हुआ है। इसे देखते हुए पांच रेल सेवाएं रद्द की गयी हैं। कुछ रेल सेवाओं को आंशिक रूप से रद्द किया गया है, वहीं कुछ ट्रेनों के मार्ग बदल दिये गये हैं। जोधपुर शहर में भी मूसलाधार बारिश के कारण सड़कों पर पानी जमा हो गया। वहीं निचले इलाकों में पानी भरा है। उदयपुर संभाग में तेज बारिश के कारण सड़क यातायात प्रभावित हुआ है। उदयपुर–अहमदाबाद नेशनल हाईवे पर आज लंबा जाम लग गया। तीन दिन से हो रही लगातार बरसात के कारण स्वरूपसागर और उदयसागर डैम से पानी छोड़ा जा रहा है। वहीं, बांसवाड़ा में माही बजाज सागर बांध से कल से ही पानी की निकासी जारी है। धौलपुर के पार्वती डैम के भी 2 गेट खोलकर पानी का लेवल कम किया जा रहा है। इसके अलावा टोंक, बूंदी सहित कई जिलों में नदियों का जलस्तर भी लगातार बढ़ रहा है। बाडमेर में आज लगातार दूसरे दिन मूसलाधार बरसात से निचले इलाकों में पानी भर गया। सीकर में 36 घंटे से रूक रूक कर जारी बारिश से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। जयपुर में भी आज कई इलाकों में हल्की बारिश हुई। टोंक जिले मे बीती रात से शुरू हुआ बारिश का सिलसिला आज भी जारी है। लगातार हो रही बारिश से जिले के बीसलपुर बांध मे पानी की आवक भी बनी हुई है। आज दोपहर तक बांध का जल स्तर 314 दशमलव 88 आर एल मीटर दर्ज किया गया। झालावाड ज़िले के विभिन्न क्षेत्रों में दोपहर बाद कहीं हल्की तो कहीं तेज बरसात हुई। पाली में सुबह से ही कभी मध्यम तो कभी भारी बारिश का दौर जारी हैं। चूरू में भी सुबह से ही रूक–रूक कर बारिश हो रही है। सवाईमाधोपुर में जिला मुख्यालय सहित अनेक स्थानों पर हल्की और मध्यम बरसात हुई। मौसम केंद्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि आज जोधपुर, उदयपुर, कोटा व अजमेर संभाग में कहीं–कहीं भारी व अतिभारी बारिश होने की संभावना है।

......

000000

केंद्रीय कानून और न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने आज नई दिल्ली में नये नोटरी पोर्टल का शुभारंभ किया। इस अवसर पर श्री मेघवाल ने कहा कि नई व्यवस्था पेपरलेस, फेसलेस और कुशल प्रणाली की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि यह पोर्टल उपयोगकर्ता के अनुकूल बनाया गया है साथ ही इससे नोटरी और जनता को मदद मिलेगी। यह

नोटरी पोर्टल विभिन्न सेवाओं के लिए नोटरी और सरकार के बीच एक ऑनलाइन इंटरफ़ेस प्रदान करता है जिस पर ऑनलाइन आवेदन जमा किये जा सकते हैं।

0000

प्रदेश के दो शिक्षकों को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया जायेगा। प्रदेश के श्रीगंगानगर के डॉ. बलजिंदर सिंह बराड़ और बीकानेर के हुकम चंद्र चौधरी को कल शिक्षक दिवस पर ये सम्मान दिया जायेगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू नई दिल्ली में होने वाले समारोह में कुल 82 शिक्षकों को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार प्रदान करेंगी। राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह जयपुर में आयोजित होगा। समारोह के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा होंगे। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर की अध्यक्षता में होने वाले इस समारोह में चयनित शिक्षकों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। समारोह में विद्यार्थियों को टेबलेट दिये जाएंगे। इस दौरान शिक्षक सम्मान पुस्तिका और शिविरा का विमोचन किया जाएगा। राज्यपाल और कुलाधिपति हरिभाऊ किशनराव बागडे ने शिक्षक दिवस पर शुभकामनाएं दी हैं। पूर्व राष्ट्रपति और महान शिक्षक और विचारक डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को स्मरण करते हुए श्री बागडे ने कहा कि शिक्षक शिक्षा ही नहीं देते बल्कि विद्यार्थी का जीवन गढ़ते हैं। इसीलिए शिक्षक वंदनीय और अभिनंदनीय है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शिक्षक दिवस के मौके पर प्रदेश के सभी शिक्षकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि समाज में अच्छे नागरिक तैयार करने का महत्वपूर्ण कार्य शिक्षक ही करते हैं। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर युवाओं का आह्वान किया कि वे अपने गुरुजनों के प्रति श्रद्धा और सम्मान की महान भारतीय परंपरा को और अधिक मजबूत बनाएं। विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने भी शिक्षक दिवस की शुभकामना दी है।

00000

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की चौथी रीजनल कॉन्फ्रेंस आज जोधपुर में शुरू हुई। सात राज्यों और तीन केंद्र शासित प्रदेशों के लिए इस कांफ्रेंस की मेजबानी एनएचएम राजस्थान कर रहा है। इस अवसर पर चिकित्सा स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री के आयुष्मान भारत के संकल्प को साकार करने के लिए राज्य में प्रतिबद्धता के साथ काम किया जा रहा है। आयुष्मान आरोग्य मंदिर इस दिशा में मील का पत्थर साबित होंगे। उन्होंने कहा कि गांव–ढाणी तक प्राथमिक स्तर की स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार करने में आयुष्मान आरोग्य मंदिर जनस्वास्थ्य की प्रमुख धुरी के रूप में काम करेंगे। उन्होंने कहा कि एनएचएम स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने की दिशा एक महत्वाकांक्षी फ्लैगशिप कार्यक्रम है।

इससे देशभर में निचले स्तर तक चिकित्सा तंत्र मजबूत हो रहा है। उन्होंने कहा कि आईएचएमएस और आभा आईडी जैसे तकनीकी कार्यक्रम स्वास्थ्य के क्षेत्र में गेम चेंजर साबित होंगे। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की अतिरिक्त सचिव और मिशन निदेशक एनएचएम आराधना पटनायक ने कहा कि आगामी दो वर्षों में देशभर में प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए 1 लाख 73 हजार से अधिक आयुष्मान आरोग्य मंदिरों को सक्रिय किया जाएगा। यहां 12 प्रकार की स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध होंगी। इसके लिए सीएचओ और अन्य स्वास्थ्य कार्मिकों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। साथ ही, प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत हैल्थ इन्फ्रास्टक्चर मिशन के तहत गांव–ढाणी तक चिकित्सा के आधारभूत ढांचे को चरणबद्ध रूप से सशक्त बनाया जा रहा है।

000000

चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग ने महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता के 3671 पदों पर अंतिम वरीयता सूची जारी कर दी है। विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने बताया कि महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के कुल 4847 पदों पर भर्ती होनी है। बाकी रहे 1176 पदों पर चयनित अभ्यर्थियों के विभिन्न प्रमाण पत्रों की सत्यापन की प्रक्रिया अभी चल रही है। सत्यापन के बाद शीघ्र ही इन पदों का परिणाम भी जारी कर दिया जायेगा।

0000000

भारत–अमेरिका संयुक्त युद्ध अभ्यास आगामी सोमवार 09 सितम्बर से बीकानेर की महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में आयोजित होगा। युद्धाभ्यास 22 सितम्बर को संपन्न होगा। ये आयोजन दोनों देशों के सैन्य आदान प्रदान कार्यक्रम के तहत हो रहा है।

**00000**

हनुमानगढ़ जिले की भादरा नगरपालिका में अध्यक्ष पद के उप चुनाव में कांग्रेस –माकपा गठबंधन की मुस्कान बानो निर्वाचित घोषित हुई है। उन्होंने भाजपा के अनवर कुरैशी को हराया । नगरपालिका अध्यक्ष को लेकर काफी समय से खींचतान चल रही थी। आज हुई वोटिंग के बाद परिणाम घोषित किया गया। कांग्रेस प्रत्याशी मुस्कान को 23 मत मिले, जबकि भाजपा प्रत्याशी अनवर कुरैशी को 17 मत मिले। मुस्कान बानो की जीत के बाद कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने ढोल नगाड़े बजाकर खुशियां मनाई ।

**00000**

कोटपूतली बहरोड़ में आज वित्तीय साक्षरता अभियान आयोजित हुआ। कार्यक्रम के अंतर्गत भारतीय रिजर्व बैंक और निजी संस्था द्वारा विराटनगर क्षेत्र के 2 कॉलेजों में आरबीआई प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता रखी गई।

फाइनेंशियल काउंसलर ने बताया कि भारतीय रिजर्व बैंक के 90 वें स्थापना दिवस के उपलक्ष में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम, साइबर फ्रॉड और बैंक की विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी जा रही है।

**00000**

राजसमंद के देवगढ़ कस्बे में पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय में आज लड़कियों को गुड टच बेड टच के बारे में जानकारी दी। स्कूल में आज हुए एक कार्यक्रम के दौरान बालिकाओं को बताया गया कि वे किसी भी गलत हरकत के बारे में अपने माता पिता से खुलकर बात करे। साथ ही उन्हें गलत होने पर ‘‘नो’’ बोलने और उसका विरोध करने के लिए प्रेरित किया गया। बालिकाओं को चाइल्ड हैल्प लाइन नंबर 1098 के बारे में भी बताया गया।

**00000**